**<u>राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, म. प्र. राज्य इकाई में तनाव प्रवंधन विषय पर हिन्दी कार्यशाला का आयोजन</u>**

मध्य प्रदेश में स्थित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एवम जिला सूचना विज्ञान केन्द्रों में दिनांक 04 अगस्त 2023 को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस कार्यशाला में डॉ निलिम्प त्रिपाठी , प्रोफेसर - संस्कृत, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे ।

हिन्दी संगोष्ठी के प्रारंभ में श्री विजय कुमार विश्वकर्मा, राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ निलिम्प त्रिपाठी , प्रोफेसर - संस्कृत, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय का पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत किया गया । इसके उपरांत विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य आयोजन के संचालक श्री जितेंद्र कुमार पाराशर,वैज्ञानिक 'डी' द्वारा मुख्य अतिथि महोदय का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया|

मुख्य वक्ता महोदय ने तनाव प्रवंधन विषय पर अपना व्याख्यान दिया । अपने ओजस्वी संबोधन में महोदय ने सहज, सरल एवं तनाव रहित जीवन जीने के उपायों से सभी को अवगत कराया। साथ ही अपने, आचरण में सादा जीवन एवं उच्च विचार के सिद्धांत को अपनाने का सभी से आग्रह किया।

राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी द्वारा अपने उदबोधन में बताया गया कि व्यक्ति को सादा जीवन जीते हुए खुश रहना चाहिए एवं अपने परिवार अथवा शुभचिंतक से चर्चा कर तनाव/समस्या का समाधान ढुढने का प्रयास करना चाहिए । आपने अपने साथियों के साथ सकारात्मक व्यवहार रखने का भी आग्रह किया ।

इस आयोजन मे म. प्र. राज्य केंद्र के अधिकारीयों/कर्मचारियों के साथ ही समस्त जिला केंद्रों व सभी उपकेन्द्रों के अधिकारियों / कर्मचारियों विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भाग लिया ।

विभागीय राजभाषा अधिकारी श्री अरविन्द सोले, वैज्ञानिक 'एफ' द्वारा आभार प्रदर्शन के उपरांत संगोष्ठी का समापन हुआ।

## हिन्दी कार्यशाला की चित्रमय झांकी -



*******************************************************************************************